हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 सितंबर 2026

04 किताब-कॉपी छोड़ सड़क बनवाने प्रशासन के पास पहुंची नन्ही आर्या

07 सूने मकानों को खंगालने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार...

खबर संक्षेप

जनसुनवाई में आए 40 आवेदनों पर हुई सुनवाई

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 40 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में विभागो के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

17 से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

सीहोर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितम्बर से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में ''सेवा संकल्प अभियान'' का शुभारंभ होगा। यह अभियान 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान जिले में विभिन्न सेवा, सामाजिक सरोकार और जनभागीदारी से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा नागरिकों को समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। अभियान के अंतर्गत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता, सेवा, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के साथ नागरिकों को शासन की जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों से भी जोड़ा जाएगा। 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया'' जलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर शुभकामनाएं देने के साथ सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया जाएगा। विभिन्न संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और घरों में भी नागरिक इस पहल में सहभागी बनेंगे। सेवा संकल्प अभियान को ''विकसित भारत 2047' के संकल्प से जोड़ते हुए नागरिकों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के माध्यम से सेवा को केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना के रूप में आगे बढ़ाने का प्रयास होगा।

हम निष्पादक नहीं, सहयोगी हैं, व्यक्तिगत कानूनी दायित्व से पटवारियों ने किया किनारा

पटवारी संघ का सरकार को दो-टूक अल्टीमेटम स्वामित्व योजना का किया पूरी तरह से बहिष्कार

फार्मर आईडी और जियो-टैग गिरदावरी पर भी काम बंद, दबाव बनाया तो प्रदेश में कलमबंद हड़ताल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने सरकार को सविनय अवज्ञा का ज्ञापन सौंपते हुए ऐलान किया है कि मंगलवार से प्रदेश का एक भी पटवारी स्वामित्व योजना में निष्पादक की भूमिका नहीं निभाएगा। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध योजना के उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसे थोपने के तरीके से है।

हमारा विरोध योजना से नहीं, 'निष्पादक' बनाए जाने से है - संघ

संघ ने ज्ञापन में कहा है कि वे योजना का सम्मान करते हैं, इससे ग्रामीणों को ऋण में मदद मिलेगी। लेकिन सरकार पटवारियों को जबरन 'निष्पादक' बना रही है। संघ का तर्क है कि ग्रामीण आबादी का सर्वेक्षण और मानचित्रण पंचायत राज व्यवस्था के मार्गदर्शन में हुआ है। पटवारी की भूमिका सिर्फ सहयोगी की रही है, जिसका मानदेय भी पंचायत विभाग दे रहा है। ऐसे में उसी काम को अब राजस्व विभाग के पटवारी से निष्पादक के रूप में कराना विभागीय कार्य-विभाजन के खिलाफ है।वोसंघ ने मांग की है कि यह काम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ही कराया जाए, पटवारी पूरा सहयोग देंगे।

पटवारियों को क्यों है कानूनी कार्रवाई का डर

पटवारी संघ ने सबसे बड़ा सवाल व्यक्तिगत दायित्व पर उठाया है। वर्तमान व्यवस्था में पंजीयन दस्तावेज पर पटवारी का व्यक्तिगत नाम, पद और ई-सिग्नेचर निष्पादक के रूप में आ रहा है। भविष्य में यदि सीमा, क्षेत्रफल, वारिसान, हिस्सेदारी या कब्जे को लेकर कोई विवाद होता है, तो पटवारी को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा, जबकि सर्वे अनेक स्तरों पर हुआ है और पटवारी उस संपत्ति का मालिक नहीं है। संघ ने कहा है कि शासन की प्रक्रिया का व्यक्तिगत निष्पादक पटवारी को बनाना पद की भूमिका के साथ अन्याय है।

तीन मोर्चों पर पटवारियों ने खोला मोर्चा

1. फार्मर आईडी का काम भी बंदः संघ ने कहा कि केंद्र की फार्मर आईडी योजना में म.प्र. के पटवारियों ने सबसे कम समय में सबसे ज्यादा आईडी बनाकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। अब जो काम शेष है वह तकनीकी समस्याओं के कारण लंबित है। इसके लिए पटवारियों पर मानसिक दबाव बनाना अनैतिक है। जब तक शासन से स्पष्ट निर्देश नहीं आते, पटवारी फार्मर आईडी नहीं बनाएंगे।
2. जियो-टैग गिरदावरी अव्यवहारिकः जियो-टैग से गिरदावरी को संघ ने पूरी तरह अव्यवहारिक बताया। संघ ने कहा कि हाल ही में जियो-टैग गिरदावरी के दौरान एक स्थानीय युवा को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जब तक जियो-टैग हटाया नहीं जाता, गिरदावरी का कोई काम नहीं होगा। इस पर कार्रवाई हुई तो तत्काल आंदोलन होगा।
3. वेतन विसंगति से आक्रोशः पटवारियों ने कहा कि शासन की हर योजना को पटवारियों ने सफल बनाया, पर आज तक श्रेय नहीं मिला। वेतन विसंगति, 2800 ग्रेड-पे, कैडर रिव्यू और पदोन्नति जैसी मांगें वर्षों से लंबित हैं। हरियाणा जैसे राज्यों ने वेतन बढ़ा दिया, पर म.प्र. में सुनवाई नहीं। 3 अगस्त की हड़ताल को 3 माह के आश्वासन पर स्थगित किया था, एक माह बाद भी कोई निर्णय नहीं।

राज्य स्तरीय आन्दोलन की चेतावनी

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने दो-टूक कहा है - 15 सितंबर 2026 से स्वामित्व योजना के निष्पादक कार्यों से हम पूर्णतः विरत रहेंगे। यदि सरकार ने दबाव बनाकर किसी भी पटवारी पर कार्रवाई की, तो प्रदेश के सभी पटवारी कलमबंद हड़ताल करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

चिंतामन सिद्धपुर मंदिर में उमड़ी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़, 12 दिन चलेगा मेला

सीहोर। गणेश उत्सव के दूसरे दिन भी शहर में उत्साह का माहौल है। प्राचीन चिंतामन सिद्धपुर गणेश मंदिर में सुबह से ही भगवान गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। मंदिर परिसर 'जय गणेश देवा' और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज रहा है।

सीहोर के अलावा आसपास के जिलों और दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। दूसरे दिन सुबह महाआरती के बाद भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

12 दिन का मेला, झूले और बाजार आकर्षण

गणेश उत्सव के साथ मंदिर परिसर और आसपास के मैदान में 12 दिन का मेला भी लगाया गया है। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए कई तरह के छोटे-बड़े झूले लगाए गए हैं। ब्रेकडांस और टॉवर राइड विशेष आकर्षण बने हुए हैं। इसके अलावा खाने-पीने की दुकानों के साथ हस्तशिल्प और खिलौनों के बाजार भी सजाए गए हैं।

सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात : मंदिर और मेले में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। मंदिर मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही भी बंद की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। अगले 12 दिनों तक मंदिर में दर्शन और मेले के चलते सीहोर में धार्मिक उत्साह के साथ रौनक बनी रहने की उम्मीद है।

अन्नदूतों ने बंद किया जिले में राशन का परिवहन डीजल मूल्य वृद्धि से भाड़ा बढ़ा, नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकारी राशन दुकानों पर खाद्यान्न सामग्री का परिवहन बंद होने वाला है। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत काम कर रहे पंजीकृत हितग्राही ठेकेदारों को 3 महीने से विभाग ने भुगतान नहीं किया है। डीजल मूल वृद्धि ने भी मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों राशन परिवहनकर्ताओं की कमर तोड़कर रख दी है। निश्चित समय पर भुगतान नहीं मिलने से हितग्राही ठेकेदार समय पर वाहनों की किस्त बीमा, गाड़ी का मेंटेनेंस और डीजल खर्च भी नहीं निकाल पा रहे हैं।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत जिलेभर की राशन दुकानों पर राशन पहुंचने का काम करने वाले हितग्राही ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है।हितग्राहियों ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनांतर्गत वर्तमान में योजना के जमीनी संचालन में हमें गंभीर वित्तीय व व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों का संचालन जारी रखना अत्यंत कठिन हो गया है। बीते माह मई जून, जुलाई एवं अगस्त का भुगतान अभी तक नहीं मिला है। जिला आपूर्ति अधिकारी और जिला प्रबंधक को भी बता दिया गया है लेकिन फिर भी आज तक एक भी माह का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ जिस से आर्थिक स्थित खराब हो गई है पिछले माह से गाडियों की किस्त भी ओवर ड्यू हो गई है जिस के कारण बैंक द्वारा वाहन जप्त किया जा सकता है।

कलेक्टर कार्यालय में पंजीकृत हितग्राही अर्जुन बागवान,संतोष राठौड़,दीप सिंह चौहान,राहुल मेवाड़ा,अजय मेवाड़ा,अजय मालाकार,साहिल वेग,मकसूद अली,प्रवीण सरयाम,मनोहर वर्मा, सतीश वर्मा,देवेंद्र सिंह,धर्म सिंह अनिल पवार आदि ने कलेक्टर से परेशानियों के समाधान के लिए डीजल एवं यूरिया मूल्य वृद्धि के अनुपात में परिवहन दर में वृद्धि की जाने। समय पर नियमित भुगतान किया जाने की मांग की है।

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न आयोजन, जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा नगर मंडल करेगा एक माह तक सेवा और सामाजिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश को विकास और सशक्त नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सीहोर द्वारा इस वर्ष भी विभिन्न सेवा, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक माह चलने वाले इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने नगरवासियों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और सामाजिक सहभागिता के रूप में मनाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में आयोजनों में शामिल होकर अभियान को सफल बनाएं।

जन्मदिवस पर होगा रक्तदान शिविर

नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 17 सितंबर को होगी। जन्मदिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे शासकीय अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया

जाएगा। इसमें नगरवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना किसी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों से रक्तदान शिविर में सहभागिता करने का आग्रह किया गया है।

स्कूली बच्चों के बीच काटा जाएगा केक : इसके बाद दोपहर 12 बजे गंज क्षेत्र स्थित ग्वालटोली के शासकीय स्कूल में सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, संगठन के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी जाएंगी। बच्चों के साथ जन्मदिवस मनाने के इस कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सहभागिता और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया जाएगा।

आशीर्वाद का दीया अभियान में घर-घर जलेगा दीपःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। नगर मंडल अध्यक्ष ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि 17 सितंबर की शाम 7 से 8 बजे के बीच अपने-अपने घरों पर एक दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम नागरिकों की सहभागिता से पूरे नगर में एक साथ आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक घर में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की जाएगी।

कोतवाली चौराहे से निकलेगा सामूहिक कार्यक्रमः आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत शाम 7 बजे कोतवाली चौराहे पर सामूहिक रूप से नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, संगठन के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी एकत्रित होंगे। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की विशेष उपस्थिति रहेगी। इसके बाद सभी लोग नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। यहां सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे मंदिर परिसर को दीपों से सजाया जाएगा। धार्मिक आस्था और जनसहभागिता से जुड़ा यह आयोजन नगर में आकर्षण का केंद्र रहेगा।

नगरवासियों से की कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने नगरवासियों एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी सम्मानित कार्यकर्ता बंधुओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सेवा एवं सामाजिक सरोकार की इस मुहिम में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि रक्तदान से लेकर स्कूली बच्चों के बीच जन्मदिवस मनाने और घर-घर दीप जलाने तक प्रत्येक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और सकारात्मकता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को यादगार बनाने का आह्वान किया।

बेखौफ बदमाशों का तांडवः मेहता पेट्रोल पंप के सामने चले लाठी-डंडे, तीन घायल, एक रेफर

इछावर। थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों की गुंडागर्दी और दिनदहाड़े हिंसा का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इछावर स्थित मेहता पेट्रोल पंप के सामने दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हिंसा में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की नाजुक हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित मजीद खां अपने भतीजे हनीफ खां (निवासी सलकन खेड़ी) के साथ किसी निजी काम से इछावर आए हुए थे। तभी रास्ते में आरोपी भूरा और अफजल ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने मजीद से विवाद करते हुए कहा, तुम हमारे इलाके में कैसे आए? इसके बाद आरोपियों ने बिना किसी डर के मजीद और उनके भतीजे पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों ओर से विवाद बढ़ गया और सड़क पर ही लाठियां चलने लगीं। बीच-बचाव और इस खूनी संघर्ष में कुल तीन लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मजीद खां की हालत अति गंभीर बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने फरियादी मजीद खां की शिकायत पर आरोपी भूरा और अफजल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, इछावर क्षेत्र में लगातार घट रही दिनदहाड़े गुंडागर्दी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और क्षेत्र में पुलिस गश्त व कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

खबर संक्षेप

श्रीगणेश उत्सव में होगी महाआरती भजन की प्रस्तुति

सीहोर। वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः के मंगल महामंत्रों के साथ, सनातन संस्कृति की परंपरा का निर्वाहन करते हुए ग्राम बरखेड़ा में श्रीगणेश जन्मोत्सव इस वर्ष अत्यंत भव्य, भक्तिमय और अलौकिक रूप से आयोजित किया जा रहा है। श्रीगणेश युवा उत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीगणेश जन्मोत्सव के इस महापर्व पर संपूर्ण बरखेड़ा धाम को आध्यात्मिक चेतना और भक्ति पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए ग्राम वासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। आयोजन में उपाध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष अमन पाटीदार, सचिव सुजल पाटीदार, मनोज पाटीदार तथा समस्त ग्रामवासियों का निस्वार्थ समर्पण व अटूट श्रद्धा सम्मिलित है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह जन्मोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, अपितु समस्त क्षेत्रवासियों के लिए आत्म-साक्षात्कार और आध्यात्मिक जागृति का महान अवसर बनेगा।

बोली- साहब, सड़क बनवा दीजिए... स्कूल जाते समय कीचड़ से खराब हो जाती है ड्रेस

किताब-कॉपी छोड़ सड़क बनवाने प्रशासन के पास पहुंची नन्ही आर्या

मुख्यमंत्री और कलेक्टर से भी लगाई गुहार, नायब तहसीलदार ने पटवारी-सचिव को मौके की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

स्कूल जाने की उम्र में बच्चों के हाथों में किताब-कॉपी होती है, लेकिन झिरनिया-पलासी की पहली कक्षा की छात्रा नन्ही आर्या मीना को अपने स्कूल के रास्ते की समस्या लेकर प्रशासन के दरवाजे तक पहुंचना पड़ा। बारिश में गांव से स्कूल जाने वाला कच्चा रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है। इससे आर्या के साथ उसकी छोटी बहन को भी रोज परेशानी का सामना करना पड़ता है। आर्या ने नायब तहसीलदार रामदास गोरले को ज्ञापन सौंपकर रास्ते की समस्या दूर कराने और सड़क निर्माण की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जिला कलेक्टर बाला गुरु के से भी सड़क बनवाने की गुहार लगाई है।

बोली- रोज कपड़े और जूते हो जाते हैं खराब

आर्या ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि बारिश के दिनों में स्कूल जाने वाला रास्ता कीचड़ से भर जाता है। कई जगह पानी जमा होने के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। उसे अपनी छोटी बहन के साथ इसी रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। कीचड़ के कारण जूते और स्कूल की ड्रेस खराब हो जाती है। कई बार किताब-कॉपियां भी संभालकर ले जानी पड़ती हैं। आर्या का कहना है कि

यदि रास्ते पर पक्की सड़क बन जाए तो उसे और गांव के दूसरे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं होगी। इसी उम्मीद के साथ उसने प्रशासन को ज्ञापन देकर जल्द सड़क बनवाने की मांग की है।

बारिश आते ही खेतों के बीच रास्ता बन जाता है दलदल: झिरनिया-पलासी के बीच खेतों से होकर गुजरने वाला यह कच्चा रास्ता ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। सामान्य दिनों में लोग यहां से आसानी से निकल जाते हैं, लेकिन बारिश शुरू होते ही स्थिति बदल जाती है। मिट्टी गीली होने से रास्ते पर जगह-जगह कीचड़ हो जाता है और पानी भर जाता है। ग्रामीणों के

अनुसार बारिश के दौरान दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए कीचड़ से होकर निकलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश में यही समस्या सामने आती है। रास्ते की अस्थायी मरम्मत से कुछ समय राहत मिलती है, लेकिन बारिश में फिर रास्ता खराब हो जाता है। ग्रामीण स्थायी समाधान के लिए पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं।

मौके की जांच के बाद आगे की कार्रवाई

आर्या के ज्ञापन को लेकर नायब तहसीलदार रामदास गोरले ने पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव को मौके पर जाकर रास्ते की स्थिति देखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों की जांच के बाद रास्ते की स्थिति और निर्माण की जरूरत को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम पंचायत सचिव नरेंद्र पाराशर ने बताया कि संबंधित रास्ता खेत सड़क के अंतर्गत आता है। मनरेगा का काम शुरू होने के बाद रास्ते की मरम्मत कराने की बात कही गई है। मौके की स्थिति देखने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

किसान निर्धारित समय पर कराएं पंजीयन : कलेक्टर

सीहोर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 15 सितम्बर से शुरू हो रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था: पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और IFSC कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

दिनभर प्यासे, रातभर जागे शिव-पार्वती से मांगा सुहाग

सीहोर। दिनभर अन्न-जल का त्याग... शाम को मंदिर परिसर में फुलेरे के सामने सजी पूजा की थालियां और फिर शिव-पार्वती के जयकारों के बीच सामूहिक पूजा। शुगर फैक्ट्री स्थित लव-कुश चौराहा माता मंदिर परिसर में सोमवार को हरतालिका तीज पर ऐसा ही नजारा रहा।

बड़ी संख्या में महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा की और परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। शाम करीब 6.30 बजे पहली पूजा के साथ तीज की धार्मिक गतिविधियां शुरू हुईं। महिलाओं ने मिलकर फुलेरा सजाया और उसके सामने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

महिलाओं ने बताया कि हरतालिका तीज का व्रत केवल दिनभर उपवास तक सीमित नहीं रहता। रात में पांच बार पूजन किया गया। इसके लिए महिलाओं ने पूरी रात जागकर शिव-पार्वती की आराधना की। व्रत के दौरान अन्न और जल का त्याग कर निर्जला रहना पड़ता है। पूजा में तुलसा कुशवाह, लक्ष्मी, ममता, रेखा, बिट्टू, सावित्री, मल्टी, सुगना, गायत्री, नीतू, सोनू बाई, बसंती बाई, रानी, नदी, लक्ष्य और रजनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

झंडा दिवस निधि में दान करने की कलेक्टर ने शासकीय सेवकों और नागरिकों से की अपील

सीहोर। देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए, दिव्यांग हुए सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस पुनीत कार्य के लिए जिले के सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक दान करने की अपील की है। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि भारतीय सेना के तीनों अंग देश की रक्षा के लिए सदैव सजग रहते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश की आंतरिक सुरक्षा एवं प्राकृतिक आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा में भी सेना का बहुत बड़ा योगदान है। कर्तव्य-पालन में हमारे अनेक सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए हैं। उनके बलिदान एवं योगदान के लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। झंडा दिवस पर सशस्त्र सेनाओं के आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान के जरिए उनके प्रति कृतज्ञता और एकजुटता प्रदर्शित करने का एक उत्तम अवसर है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस राशि का उपयोग शहीद सैनिकों की विधवाओं, दिव्यांग हुए सैनिकों एवं अन्य भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिये किया जाता है। पूरा देश झण्डा दिवस पर अपना अनुदान देकर सेना के प्रति अपनी एकता की भावना को व्यक्त करता है।

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम को लेकर बूथ स्तर पर तैयारियां तेज

नपाध्यक्षने पार्षदों की बैठक लेकर सौंपे दीपक, बूथ स्तर पर जगमगाएंगे हजारों दीप

सीहोर। आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सीहोर के पावन सीवन नदी घाट पर आयोजित होने वाले भव्य आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, बूथ स्तर तक दीपक पहुंचाने और अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बैठक के दौरान पार्षदों को दीपक वितरित किए और निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की भावना को प्रत्येक बूथ और प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री जी के प्रति देशवासियों के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद को व्यक्त करने का अवसर है।

नपाध्यक्ष राठौर ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

भारत निरंतर विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके जन्मदिन के अवसर पर सीहोर की जनता अपने प्रेम और आशीर्वाद को दीपों के माध्यम से व्यक्त करेगी। सीवन नदी घाट पर आयोजित होने वाला आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम सीहोर के लिए एक विशेष और यादगार अवसर बनेगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर दीप जलाने की पहल का उद्देश्य प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के इस उत्सव को जन-जन का उत्सव बनाना है। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि नागरिकों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करेंगे तथा प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करेंगे। सीवन नदी घाट पर हजारों दीपों की रोशनी से पूरा घाट जगमगाएगा। यह दृश्य सीहोर की एकजुटता, संस्कार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के स्नेह का प्रतीक बनेगा।

बैठक में पार्षदों को उनके-अपने क्षेत्रों में दीपक वितरित करने तथा बूथ स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियों को व्यवस्थित रूप से पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी पार्षदों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि सीवन नदी घाट पर जलने वाला प्रत्येक दीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनता के आशीर्वाद, विश्वास और शुभकामनाओं का प्रतीक होगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे इस भव्य आयोजन में सहभागी बनकर अपने घर एवं बूथ स्तर पर दीप प्रज्वलित करें और सीवन नदी घाट पर आयोजित होने वाले आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम को सफल बनाएं।

विजयदशमी की तैयारियां शुरू, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा पर्व

आज शाम 5 बजे बाल विहार मैदान पर होगा विधि-विधान से भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में विजयदशमी का पर्व आस्था, उत्साह और उमंग के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को शहर के बाल विहार मैदान पर शाम 5 बजे विधि-विधान से भूमि पूजन किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में शहर के साधु-संतों, समाजसेवी संगठनों, छावनी दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की सहभागिता रहेगी। दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तथा समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा के मार्गदर्शन में आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी आशीष गेहलोत सहित पदाधिकारियों ने उत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

साधु-संतों और विप्रजनों की मौजूदगी में होगा भूमिपूजन

बुधवार शाम 5 बजे बाल विहार मैदान पर विप्रजनों द्वारा विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के साधु-संत, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही इस वर्ष के विजयदशमी उत्सव की औपचारिक तैयारियों का शुभारंभ हो जाएगा। धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजन-अर्चन के साथ आयोजन की सफलता और शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव संपन्न होने की कामना की जाएगी।

बाल विहार में किया जाएगा भूमि- पूजन

छावनी दशहरा उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात आगामी दिनों में बैठकों का आयोजन किया जाएगा इसमें पदाधिकारी एवं आयोजन से जुड़े सदस्य शामिल होंगे। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। विजयदशमी के मुख्य आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं, कार्यक्रमों के स्वरूप, विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों एवं अन्य आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे।

आयोजन की तैयारियों में जुटी समिति : छावनी दशहरा उत्सव शहर के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल है। हर वर्ष बड़ी संख्या में शहरवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए समिति द्वारा इस वर्ष भी आयोजन को व्यवस्थित एवं भव्य रूप देने की तैयारी की जा रही है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विजयदशमी पर्व हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। आयोजन में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष आशीष गेहलोत सहित पदाधिकारियों ने शहरवासियों से आगामी विजयदशमी उत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है। भूमि पूजन के साथ शुरू होने वाली तैयारियों के बाद आने वाले दिनों में दशहरा उत्सव से जुड़े अन्य कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की जाएगी।

दिव्यांगजनों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर उठाई आवाज

पेंशन बढ़ाने, निशुल्क शिक्षा-इलाज, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद की बैठक 13 सितंबर को भोपाल में आयोजित की गई। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष एवं दिव्यांग प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दिव्यांगजनों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया एवं राज्य दिव्यांग आयोग के सदस्य राजेश शुक्ला के समक्ष जिलेवार समस्याएं रखी गईं तथा सरकार से 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की गई।

बैठक में आमंत्रित दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजन अपनी समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत करें, जिन पर उनके स्तर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वहीं राज्य दिव्यांग आयोग के सदस्य राजेश शुक्ला ने शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा जिलेवार सामने आई समस्याओं को शासन स्तर

पर निराकृत कराने का आश्वासन दिया।

पेंशन 600 से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने की मांग

बैठक के दौरान परिषद की ओर से दिव्यांगजनों की 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सबसे प्रमुख मांग वर्तमान में मिल रही 600 रुपये प्रतिमाह की पेंशन को बढ़ाकर 5 हजार रुपये प्रतिमाह करने की रही। संगठन ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में 600 रुपये की पेंशन में दिव्यांगजनों का जीवन यापन करना बेहद कठिन है।

उच्च शिक्षा और चिकित्सा सुविधा निशुल्क करने की मांग : परिषद ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए डिग्री, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, बीएड और डीएड सहित उच्च शिक्षा निशुल्क किए जाने की मांग की। साथ ही विवाहित दिव्यांग व्यक्तियों के बच्चों की शिक्षा भी निशुल्क करने की मांग रखी गई। स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में सरकारी एवं निजी अस्पतालों में दिव्यांगजनों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने तथा विवाहित दिव्यांग व्यक्तियों के परिवार को भी निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ देने की मांग की गई।

भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन करने और रोजगार उपलब्ध कराने की मांग : विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों की भर्ती प्रक्रिया को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार पूरी तरह ऑनलाइन किए जाने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया को दोबारा ऑनलाइन शुरू किया जाए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम किया जा सके। प्रत्येक जिले में दिव्यांगजनों का वर्गवार सर्वे कराकर उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रोजगार एवं नौकरी उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को जिला कलेक्टर के माध्यम से पेट्रोल चलित वाहन उपलब्ध कराने की मांग की गई, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर अपनी आजीविका चला सकें। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत सिंह तवर, राष्ट्रीय सचिव अजमेर सिंह पाल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष चंदा चौहान, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुखवेन्द्र दांगी, प्रदेश अध्यक्ष आरजी सोनी, प्रदेश सचिव सुरेश मौर्या सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने संगठन को प्रत्येक जिले में सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला भोपाल अध्यक्ष गुलाब सिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष चंद्र सिंह मेवाड़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी महिला सदस्य एवं महिला खिलाड़ी राधा बडग़ूजर, सीमा वर्मा, सारिका दीदी, मनीषा राय, विष्णु दांगी, जिला सीहोर से पर्वत वर्मा मीडिया प्रभारी, अर्जुन कुलस्तिया दिव्यांग सलाहकार एवं ई-सुविधा केंद्र संचालक सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दो आदतन चोर गिरफ्तार, चोरी के आभूषण व एक लाख नगद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

8 अगस्त 2026 को फरियादिया गीता बाई राठौर पिता सुखलाल राठौर निवासी ग्राम सोहनखेडा थाना बिलकिसगंज जिला सीहोर ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट कि दिनांक 1 अगस्त व 2 अगस्त की मध्यरात्रि में मेरे घर से अज्ञात आरोपी द्वारा किचिन में रखे 350000 रुपए नगदी व चांदी की तीन जोड़ पायल एवं चांदी का एक झूमर चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना बिलकिसगंज जिला सीहोर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिसमें पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर प्रशांत चौबे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक संदीप सिंह मीणा के नेतृत्व में प्रआर. 655 जितेंद्र वर्मा , प्रआर. 205 रुपेश वर्मा , महिला प्रधान आरक्षक 239 जयश्री इंगले आर. 444 अरुण पटेल , आर. 45 अंकित वर्मा , आर. 34 गजेंद्र वर्मा आर. 100 आनंद मीणा की टीम बनाई गई। टीम द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यो व मुखबिर तंत्रो द्वारा संदेहियो को चिन्हित कर संदेहियो से लगातार पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान संदेही हेमंत मीणा उर्फ गोलू मीणा पिता रमेश चंद्र मीणा उम्र 26 साल निवासी ग्राम कनेरिया थाना इछावर जिला सीहोर व राहुल मीणा पिता मानसिंह मीणा उम्र 28 साल निवासी ग्राम कनेरिया थाना इछावर जिला सीहोर के बयानो मे विरोधाभास होने से संदेहीयो से सख्ती से पूछताछ करने पर संदेहियों द्वारा वक्त घटना दिनाँक को फरियादीया के घर से रात्रि मे 3,50,000 रूपये नगदी व चांदी के जेवरात चोरी करना कबूल किया। दोनों आरोपियों के गिरफ्तार कर न्यायालय सीहोर पेश किया जाएगा।

गणेश चतुर्थी पर गूंजे गणपति बाप्पा मोरिया के जयकारे, बाजारों में रही भारी भीड़, भक्ति और उल्लास का माहौल रहा

सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उल्लास का माहौल नजर आया सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। नगर में राजगढ़ चैराहा, शिमला बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए दिनभर भीड़ लगी रही छोटे-बड़े सभी आकार की प्रतिमाएं बाजार में बिकीं। घरों में बायीं सूंड वाली बैठी मुद्रा की प्रतिमाओं को विशेष रूप से स्थापित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना के बाद मोदक, लड्डू और फल-फूल का भोग लगाया गया। कई स्थानों पर 10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए भव्य पंडाल सजाए गए। जहां रोजाना आरती, भजन और महाप्रसादी का आयोजन होगा। पंडितों के अनुसार इस वर्ष चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और विघ्नों का नाश होता है।

बड़े और छोटे गणेश मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की गई

शहर के बड़ा गणेश मंदिर और छोटे गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना पंचामृत से अभिषेक किया गया। मंदिरों को विशेष विद्युत लाइटों से साज सज्जा की गई। वहीं दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना का दौरा चलता रहा श्री गणेश का आकर्षक श्रृंगार महाआरती की गई वहीं बच्चों द्वारा शहर में विमान बना कर गणेश जी को घर-घर लेकर पहुंचे।

लंबोदर से की सुख, शांति, समृद्धि की कामना

कोतवाली थाने में धूमधाम से विराजित किए गणेशजी



राजगढ़। सोमवार से 10 दिवसीय गणेशोत्सव की शुरूआत हुई। नगर सहित जिले में हजारों स्थानों के गणेश पांडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करवाई गई हैं। धर्म और आस्था की इसी कड़ी में स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में भी धूमधाम के साथ भगवान गणेश की झांकी सजाते हुए प्रतिमा की स्थापना करवाई गई। प्रतिमा स्थापना के पूर्व टीआई मंजू मखेनिया सहित थाने का पूरा स्टाफ ढोल-ढमाकों के साथ प्रतिमा लेने पहुंचा। यहां से सभी गणेशजी के जयकारे लगाते हुए थाने पहुंचे। सजाई गई झांकी में विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना उपरान्त सभी की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई।

सम्राट मिहिर देव के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर गुर्जर समाज द्वारा खुजनेर रोड स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में अपने आराध्य सम्राट मिहिर भोज की जयंती अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय इतिहास के प्रमुख शक्तिशाली शासकों में गिने जाते हैं। उनके शासनकाल में गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य ने उत्तर भारत में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई। वक्ताओं ने समाजजनों से सम्राट मिहिर भोज के जीवन एवं उनके ऐतिहासिक योगदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बताया गया कि सम्राट मिहिर भोज, जिन्हें प्रथम भोज के नाम से भी जाना जाता है, गुर्जर-प्रतिहार राजवंश के प्रमुख शासक थे। ऐतिहासिक स्त्रोतों के अनुसार उनका शासनकाल लगभग 836 ईस्वी से 885 ईस्वी तक रहा। उनकी राजधानी कन्नौज थी। उनके शासन के दौरान गुर्जर-प्रतिहार सत्ता का प्रभाव उत्तर भारत के बड़े भू-भाग तक माना जाता है। जयंती समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके इतिहास, संघर्ष और योगदान से परिचित कराना भी है। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुर्जर समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी भारत सिंह गुर्जर पंडाजी, नारायण सिंह गुर्जर पंडाजी, जगदीश गुर्जर पंचायत सचिव, श्याम सिंह गुर्जर शिक्षक, भगवान सिंह गुर्जर शिक्षक, सागर सिंह गुर्जर पंचायत सहायक सचिव, हरिओम गुर्जर, कैलाश गुर्जर, लखन गुर्जर पत्रकार, पप्पू गुर्जर डॉक्टर, गजराज गुर्जर, जीवन गुर्जर सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऑपरेशन चक्षु 360 का बड़ा वार, 250 कैमरों ने खोल दिया चोरी का खेल

सूने मकानों को खंगालने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, 11 वारदातों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर में रात के अंधेरे में सूने मकानों के ताले तोड़कर जेवर-नकदी उड़ाने वाले चोर आखिरकार पुलिस की नजर से बच नहीं सके। चोरों को पकड़ने के लिए बिछाए गए ऑपरेशन चक्षु 360 के सीसीटीवी नेटवर्क ने उनकी हरकतों की कड़ियां जोड़ दीं। सारंगपुर पुलिस ने करीब 250 कैमरों की फुटेज खंगालकर गिरोह के तीन सदस्यों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने 11 चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए करीब 4 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और 4 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों ने तीन अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया है।

एक के बाद एक वारदात पुलिस ने कसा शिकंजा

जुलाई-अगस्त के दौरान सूने मकानों, दुकानों और अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाओं से पुलिस के सामने चुनौती बढ़ गई थी। बाबड़ल्या, ब्यावरा-मांडू, तलेनी, सारंगपुर की ब्लॉक कॉलोनी, पाडल्या रोड, रेलवे आवास कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर ताले टूटे। कहीं जेवर-नकदी चोरी हुई तो कहीं मोटरसाइकिलें गायब हुईं। वारदातों का सिलसिला बढ़ने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम बनाई और चोरों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया।

कैमरे बने चोरों की सबसे बड़ी मुसीबत

चोरों को शायद अंदाजा नहीं था कि शहर में लगे कैमरे उनकी गतिविधियों को जोड़कर उन्हें पुलिस तक पहुंचा देंगे। पुलिस टीम ने घटनास्थलों से लेकर संदिग्धों के संभावित रास्तों तक करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज से चोरों के आने-जाने के रास्तों का निर्धारण किया गया। इसके बाद साइबर सेल से मिली तकनीकी जानकारी को जांच में शामिल किया गया। करीब एक माह तक चली तलाश के बाद पुलिस आखिरकार गिरोह तक पहुंच गई।

तीन आरोपी गिरफ्तार चोरी का माल बरामद

पुलिस ने कपिल उर्फ गोलू कंजर पिता भगवान सिंह, टोनू कंजर पिता हुकमसिंह और घनश्याम कंजर पिता बाबूलाल, तीनों निवासी देवड़ा, थाना सुंदरसी, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण, चांदी की पायल, नकदी और मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अन्य तीन मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है, जो उनके साथी के कब्जे में होना बताया गया है। पुलिस अब इन वाहनों की बरामदगी के साथ गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी तलाश रही है।

पुराने अपराध का रिकॉर्ड भी सामने आया

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कपिल उर्फ गोलू पूर्व में डकैती की तैयारी जैसे गंभीर अपराध में भी संलिप्त रहा है। इससे पुलिस अब गिरोह के पुराने आपराधिक नेटवर्क और अन्य संभावित वारदातों से इनके संबंधों की भी जांच कर रही है।

पुलिस टीम को मिला वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (भापुसे) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में तथा लिमचैहान थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोविंद मीणा,उनि दीपक परमार,उनि राहुल सेंधव,स उनि आनंदीलाल भिलाला,राम कैलाश दांगी,सुरेश मेवाड़ा,हरगोविंद विश्वकर्मा,अमित रघुवंशी,बनवारी गुर्जर,सत्येंद्र रघुवंशी,रचना मेवाड़ा,लोकेश परमार सहित सारंगपुर एवं लीमाचैहान थाना पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्रवाई में योगदान रहा।

चल रही है बेमियादी हड़ताल

शासन की सद्बुद्धि के लिए किसानों ने करवाया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारतीय किसान संघ के बैनर तले मुख्यालय के खिलचीपुर नाके पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। आंदोलन के चाथे दिवस सोमवार को किसानों ने शासन, प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए विधि-विधान से यज्ञ, अनुष्ठान आयोजित किया। इस दौरान शासन को सुमति देने की कामना भगवान से की गई। आपको बतादें कि संघ द्वारा गत 11 सितंबर से खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में यह धरना दिया जा रहा है। किसान संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बीते चार दिनों से धरना स्थल पर ही भोजन इत्यादि बना रहे हैं और शासन की तरफ से सकारात्मक पहल की अपेक्षा की जा रही है। इस दौरान धरना स्थल पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा सहित अन्य भाजपाईयों को संघ पदाधिकारों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए उसे शासन तक प्रेषित करने की मांग रखी।

यह है किसान संघ की प्रमुख मांगें

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांग है कि साल 2025 के फसल बीमे का लाभ सभी किसानों को मिलना चाहिए। बिजली विभाग द्वारा थापे जा रहे अधिक राशि के बिलों की जांच की जाए एवं पूरे मध्यप्रदेश में दूध के दाम बढ़ाए जाएं। इसके साथ ही किसानों की राजस्व से जुड़ी समस्याओं का भी त्वरित निराकरण करवाने की व्यवस्था शासन, प्रशासन द्वारा की जानी चाहिए। संघटन सदस्यों ने बताया कि शासन हमेंशा मांगों के संबंध में आश्वासन दे देता है लेकिन आदेश जारी नहीं किए जाते हैं। किसानों के हित में सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए।

डेढ़ साल में ही उखड़ने लगी 4.25 करोड़ की भ्याना-भूमका सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भ्याना से भूमका गांव को जोड़ने वाली करीब 5.25 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज डेढ़ साल में ही खराब होने लगी है। बारिश के दौरान सड़क कई स्थानों पर धंसने लगी है, जबकि पुलिया के आसपास बनाए गए शोल्डर तेज पानी के बहाव में बह रहे हैं। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण करीब 4 करोड़ 25 लाख 84 हजार रुपए की लागत से कराया गया है। सड़क को पांच साल की गारंटी अवधि के साथ बनाया गया है, लेकिन गारंटी अवधि के दौरान ही सड़क के उखड़ने और धंसने की स्थिति सामने आने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान सड़क की परतों की पर्याप्त कम्पेक्शन नहीं की गई और निर्धारित मानकों के अनुसार रोलर का उपयोग नहीं किया गया। बारिश का पानी सड़क की परतों में पहुंचने से कई हिस्सों में जमीन बैठने लगी है।करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क की इतनी जल्दी खराब होती स्थिति ने निर्माण कार्य की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने सड़क की तकनीकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और गारंटी अवधि में सड़क की गुणवत्ता सुधारने की मांग की है।

भाव बढ़ाने की मांग पर दूध विक्रेताओं की हड़ताल, डेयरी और चाय दुकानें रखी बंद

माचलपुर। दूध के भाव बढ़ाने की मांग को लेकर पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादकों द्वारा दिए गए ज्ञापन की समय-सीमा पूरी होने के बाद रविवार से दूध विक्रेताओं ने दूध बेचना बंद कर विरोध जताना शुरू कर दिया। आंदोलन के समर्थन में नगर की कई दूध डेयरियां और चाय की दुकानें भी बंद रहीं। इससे आम लोगों को दूध के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। दुग्ध उत्पादकों ने पूर्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर दूध के दाम बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने पशुओं के चारे, खली-चोकर सहित बढ़ती लागत का हवाला देते हुए 12 प्रति फैट की दर तथा खेरची दूध का भाव बढ़ाने की मांग रखी थी। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 13 सितंबर से दूध की सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी गई थी।

पशुपालन की लागत निकालना भी मुश्किल

दुग्ध उत्पादकों का कहना है कि मौजूदा भाव में पशुपालन की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। पशुओं के चारे और अन्य खर्च लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि दूध के भाव में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। दूध की बिक्री बंद होने से अब सवाल यह है कि प्रशासन और संबंधित दुग्ध संस्थाएं इस आंदोलन को समाप्त कराने के लिए क्या कदम उठाती हैं।

सीएमओ ने कालीसिंध कपिलेश्वर डैम के फाटकों से हटाया कचरा

सारंगपुर। लगातार बारिश के बाद कालीसिंध नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते नदी के तेज बहाव के साथ बड़ी मात्रा में पेड़-पौधों की लकड़ियां, झाड़ियां एवं अन्य कचरा बहकर कपिलेश्वर डैम के फाटकों और सुरक्षा दीवारों के पास जमा हो गया। इससे जल निकासी प्रभावित होने के साथ डैम की सुरक्षा को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बन सकती थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे तत्काल मौके पर पहुंचे और अपनी देखरेख में डैम के फाटकों एवं सुरक्षा दीवारों के आसपास जमा लकड़ियों, झाड़ियों और कचरे को हटाने का कार्य शुरू करवाया। नगर पालिका की आकस्मिक टीम एवं उपलब्ध संसाधनों की मदद से फाटकों की पूरी तरह सफाई कराई गई। समय रहते कचरा हटाए जाने से पानी की निकासी सुचारू हुई और नदी के बहाव में उत्पन्न हो रही संभावित रुकावट को दूर किया गया। सीएमओ रानवे की तत्परता के चलते डैम क्षेत्र में जलभराव अथवा जल निकासी में बाधा की स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। मौके पर नगर पालिका की टीम ने भी लगातार कार्य करते हुए फाटकों के आसपास जमा मलबा एवं झाड़ियों को हटाया। इस दौरान नगर पालिका जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे, जलप्रदाय शाखा व्यवस्था प्रभारी गोपाल अहिरवार सहित आकस्मिक गैंग के कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने बारिश के बीच प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और डैम की सुरक्षा को लेकर बरती गई सतर्कता की सराहना की।

गोशाला में 10 लाख रुपए के सीसी निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया

कुरावार। समीपस्थ ग्राम बोरखेड़ा जागीर स्थित हनुमान गोशाला परिसर में रविवार सुबह क्षेत्रीय विधायक मोहान शर्मा ने गोशाला समिति एवं गोसेवकों की मांग पर 10 लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि गो माता को कामधेनु कहा गया है और भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। गो माता की सुरक्षा एवं संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा एक पुनीत कार्य है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। गोशाला समिति एवं गोसेवकों ने निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर भूमिपूजन किए जाने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। समिति सदस्यों ने बताया कि सीसी निर्माण होने से गौशाला परिसर की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी तथा गोवंश की देखभाल में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बस किशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीणा, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मी नारायण पटेल, रामचरण मीणा, नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा जिला योजना समिति प्रभारी घनश्याम मीणा सहित गौशाला समिति के पदाधिकारी, गोसेवक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डोल ग्यारस व अनंत चतुर्दशी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

बस स्टैंड पर अखाड़ा प्रदर्शन, भूतियाबे तालाब पर गणपति विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

आगामी डोल ग्यारस एवं अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) पर्व को लेकर सोमवार को माचलपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान नगर में शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के साथ विभिन्न आयोजनों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य सोनी मौजूद रहे। तहसीलदार की अनुपस्थिति में कस्बा पटवारी भेरूलाल दांगी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। चर्चा के दौरान तय किया गया कि डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले विमान अपने निर्धारित समय पर बाजार चैक पहुंचकर विराजित होंगे। वहीं अखाड़े का आयोजन बस स्टैंड पर किया जाएगा। अखाड़े में प्रदर्शन के बाद प्रतिभागी बाजार चैक पहुंचेंगे। आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में नगर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले गोवंश को व्यवस्थित करने का मुद्दा भी उठा। इस पर नगर परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था किए जाने की बात कही गई।

हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न

सारंगपुर। हिंदू उत्सव समिति की बैठक रविवार को साईं मंदिर में संपन्न हुई। समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की

अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री गणेश चतुर्थी एवं अनंत चौदस पर्व की तैयारियों और आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ हुई, जिन्हें समिति सदस्य वैभव पुष्पद ने सदस्यों के समक्ष रखा। संचालन सुशील व्यास ने किया, कोषाध्यक्ष अशोक साहू ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। मैदान में समिति के माध्यम से बाउंड्रीवॉल निर्माण कराने, आयोजन स्थल की बेहतर व्यवस्था करने तथा समिति की गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए प्रत्येक वार्ड में प्रभारी नियुक्त करने का सुझाव रखा गया।

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर ब्रहाकुमारीज संस्था की पहल

कथा पंडाल में हजारों ने लिया नशा न करने के लिए संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय ढंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर में चल रही कथा के दौरान प्रजापिता ब्रहाकुमारी संस्था द्वारा एक दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन एवं नशामुक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित हजारों महिला, पुरुष एवं बच्चों को जीवन में कभी किसी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर ब्रहाकुमारी सुरेखा दीदी ने कहा कि मनुष्य के आज के कर्म ही उसके आने वाले कल का निर्माण करते हैं। जैसा हम कर्म करते हैं वैसा ही फल हमें प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में श्रेष्ठ कर्म, सकारात्मक सोच, पवित्र भावनाएं एवं श्रेष्ठ संस्कार अपनाना चाहिए। बाबा रामदेव के जीवन को प्रेरणास्पद बताते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्ठय अपने जीवन को भी अच्छे कर्मों से महान बना सकता है।

नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत

कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, पारिवारिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। मधु दीदी ने कहा कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए नशामुक्त जीवन अत्यावश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि स्वयं को व्यसनों से मुक्त करने का संकल्प ले तो परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने नशामुक्त जीवन अपनाने का आव्हान उपस्थितजनों से किया। इस दौरान आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्धेश्य आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ नशामुक्त जीवन के प्रति जागरुकता पैदा करना रहा।

रामदेव का चल समारोह ढोल-डीजे के साथ निकाला गया

खुजनेर। मेघवाल समाज समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव भादौ की दूज के अवसर पर बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। समिति द्वारा शहर में बाबा रामदेव का चल समारोह ढोल-डीजे के साथ निकाला गया। समारोह का षुभारंभ देव महाराज स्थान से हुआ, जो राजगढ़ रोड, षिमला बस स्टैंड, पुराना थाना, षिवाजी मार्केट, बांसखेड़ा रोड होते हुए बाबा रामदेव मंदिर पहुंचा। चल समारोह में सबसे आगे डीजे पर बाबा रामदेव के मधुर भजन बज रहे थे, उसके पीछे युवक नृत्य करते हुए चल रहे थे। भक्त हाथों में बाबा का ध्वज लिए षामिल हुए, सबसे पीछे बाबा की आकर्शक चलित झांकी सजाई गई थी। षहर में जगह-जगह चल समारोह का पुश्प वर्शा कर स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचकर बाबा की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव एवं लखन वर्मा, बीरम लाल, रामप्रसाद, भागीरथ वर्मा, भंवरलाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, पूर्व पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा, कालूराम वर्मा, प्रेम वर्मा, नागेंद्र वर्मा, संजय वर्मा पवन वर्मा, दौलतराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

खबर संक्षेप

छिंदवाड़ा ने बालाघाट को 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के आवासीय खेलकूद परिसर एवं चर्च मैदान पर स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं कुल 16 टीमें प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। छह सितंबर से जारी प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए, जिसमें छिंदवाड़ा ने बालाघाट को कड़े संघर्ष के बाद 1-0 से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में रायसेन ने खंडवा को 10-0 से करारी शिकस्त दी। मंगलवार को दिन का पहला मुकाबला छिंदवाड़ा और बालाघाट के मध्य खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के लिए लगातार प्रयास किए। मैच के दौरान छिंदवाड़ा की टीम ने बेहतर तालमेल के साथ आक्रमण किया। कड़े संघर्ष के बाद छिंदवाड़ा की ओर से गगन ने एकमात्र गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद बालाघाट के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन छिंदवाड़ा की मजबूत रक्षापंक्ति ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। अंततः छिंदवाड़ा ने 1-0 से मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला रायसेन और खंडवा के बीच खेला गया। इस मुकाबले में रायसेन के खिलाड़ियों ने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने लगातार गोल करते हुए मुकाबले पर पूरी तरह अपना दबदबा बनाए रखा और 10-0 से शानदार जीत दर्ज की। रायसेन की ओर से जयन ने छह गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं नव्या ने तीन गोल किए।

हरतालिका तीज पर सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंची सुहागिनें

सुहागिन महिलाओं ने रात भर जाग कर की शिव-पार्वती की पूजा, मांगी पति की लंबी उम्र

हरतालिका तीज को लेकर महिलाओं ने कई दिन पहले से की थी तैयारियां, पर्व के चलते बाजारों में नई साड़ी, श्रृंगार सामग्री, पूजन सामग्री और मिठाइयों की खरीदारी के लिए चहल-पहल रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार को हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय से लेकर गांवों तक सुबह से ही पर्व की रौनक रही। सुहागिन महिलाओं ने स्नान के बाद सोलह श्रृंगार किया और पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हरतालिका तीज को लेकर महिलाओं ने कई दिन पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। पर्व के चलते बाजारों में नई साड़ी, श्रृंगार सामग्री, पूजन सामग्री और मिठाइयों की खरीदारी के लिए चहल-पहल रही। व्रती महिलाओं ने सुबह से ही पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। कई महिलाओं ने घरों में सामूहिक रूप से शिव-पार्वती की पूजा की और तीज व्रत की परंपरा निभाई। शहर के मंदिरोमें पुजारीयों,पंडितो ने महिलाओं को हरतालिका तीज की व्रत कथा सुनाई। कथा सुनते समय महिलाओं ने माता पार्वती के तप और भगवान शिव को पति के रूप में पाने की उनकी साधना का प्रसंग सुना। महिलाओं का कहना था कि वे पूरे साल इस पर्व का इंतजार करती हैं और पति की दीर्घायु व परिवार की सुख-शांति के लिए व्रत रखती है

सुबह से शुरू हो गई थी पूजा की तैयारी

व्रत रखने वाली महिलाओं ने सुबह स्नान के बाद सोलह श्रृंगार किया। इसके बाद घरों और मंदिरों में भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में महिलाओं के बीच खास उत्साह देखने को मिला।

बाजार में खरीदारी को लेकर चहल-पहल

तीज पर्व के लिए महिलाओं ने पहले से ही साड़ी, श्रृंगार और पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी थी। सोमवार को शहर के मुख्य बाजार समेत आसपास के बाजारों में महिलाओं की आवाजाही बनी रही। मिठाइयों की दुकानों पर भी खरीदारी हुई। तहसील मुख्यालय से गांवों तक पर्व का उत्सवी माहौल नजर आया।

माता पार्वती ने कठोर तप कर शिव को बनाया था पति

मान्यता है कि माता पार्वती ने बचपन में भगवान शिव को पति के रूप में पाने का संकल्प लिया था। इसके लिए उन्होंने गंगा तट पर अन्न-जल त्यागकर कठोर तपस्या की और केवल सूखे पत्ते व हवा का सेवन किया। उनकी तपस्या से पिता हिमालय राज दुखी हुए। इसी दौरान देवर्षि नारद ने हिमालय राज के सामने भगवान विष्णु से माता पार्वती के विवाह का प्रस्ताव रखा, लेकिन माता पार्वती ने इसे स्वीकार नहीं किया। कथा के अनुसार, इसके बाद माता पार्वती अपनी सखी के साथ एक सुनसान जंगल की गुफा में चली गईं। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को उन्होंने रेत और बालू से शिवलिंग तथा शिव-पार्वती की मूर्ति बनाई। रातभर जागरण करते हुए उन्होंने कठोर साधना की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इसी मान्यता के आधार पर सुहागिन महिलाएं हरतालिका तीज का व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं।

पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अधिकारियों ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना आष्टा अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशन में आष्टा कस्बा क्षेत्र में स्थापित गणेश प्रतिमाओं व पंडालों का पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भ्रमण कर निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न गणेश उत्सव समितियों द्वारा स्थापित पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आवागमन एवं रात्रि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समितियों को दिए निर्देश

रात्रि सुरक्षा व्यवस्था – पंडाल की सुरक्षा हेतु समिति के कम से कम एक व्यक्ति के रात्रि के समय पंडाल में उपस्थित रहकर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जहां संभव हो, पंडाल के आसपास एवं प्रवेश/निकास स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था रखने तथा कैमरों को चालू स्थिति में रखने हेतु निर्देशित किया गया। विद्युत तारों एवं कनेक्शनों को व्यवस्थित रखने तथा खुले एवं क्षतिग्रस्त तारों का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। पंडाल के सामने पर्याप्त स्थान खाली रखने तथा श्रद्धालुओं एवं आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होने देने के निर्देश दिए गए। पंडाल में अग्नि सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम रखने तथा ज्वलनशील सामग्री को सुरक्षित स्थान पर रखने हेतु निर्देशित किया गया। निर्धारित समय एवं नियमों के अनुसार ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने की समझाइश दी गई। भ्रमण के दौरान एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों द्वारा गणेश उत्सव समितियों से समन्वय स्थापित कर आगामी दिनों में भी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

भगवान राम और कृष्ण का मनाया जन्मोत्सव



आष्टा। मेहतवाड़ा श्री राम मंदिर धर्मशाला मैं चल रही सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा मे चतुर्थ दिवस भागवत कथा श्री राम कथा कथा के मर्मज्ञ विद्वान संत श्री मिट्ठु पुरा सरकार द्वारा भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की बड़ी सुंदर कथा को श्रवण करवाया। त्रेता युग में जब रावण कुंभकरण का अत्याचार बढ़ गया। तब भगवान ने श्री राम रूप लेकर इनका विनाश किया। इसी प्रकार द्वापर युग में श्री कृष्ण के रूप में अवतार लेकर कंस, शिशुपाल,दंतवक्र जैसे राक्षसों का अंत किया। जन्मोत्सव की प्रसादी वितरण का परम सौभाग्य , महेश विश्वकर्मा पूर्व सरपंच परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्वरानंद जी, भगवान दास जी अर्निया कला, संतोष दास जी वैष्णव, फतेह सिंह भगत जी, जगन्नाथ सिंह खिरनी, गगन सिंह पटेल, प्रेम सिंह महाकाल जावर, मनोहर सिंह पटेल भील खेड़ी,सज्जन सिंह, रघुवीर सिंह, ,अके सिंह, हरि सिंह साहेब रायसिंह धारूसिंह बिशुखेड़ी महेश विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह पडीयार राजेश सोलंकी, शोभल सिंह चेतन सिंह कैलाश सिंह पडियार लीलाबाई, ममता जी सहित बड़ी संख्या में माता बहने उपस्थित रही।

जिले के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने विचार रखने का मिलेगा मौका, शुरू हुई विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

30वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 'विकसित भारत युवा संवाद 2027 के अंतर्गत सोमवार को नेहरू युवा केंद्र में मेरा युवा भारत, द्वारा जिला स्तरीय प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। माय भारत की जिला युवा अधिकारी प्रशांका जैन ने बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत द्वारा जिले के युवाओं के लिए विकसित भारत क्विज का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 29 वर्ष के युवा माय भारत पोर्टल पर 22 भाषाओं में यह क्विज दे सकते हैं। इसमें भारतीय विरासत, देश की उपलब्धियां और विकसित भारत 2047 विजन से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। इस क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को 30वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव विकसित भारत युवा संवाद-2027 में प्रधानमंत्री के समक्ष राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार रखने का ऐतिहासिक अवसर मिलेगा। इस दौरान जिला युवा अधिकारी सहित मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक और पत्रकारगण मौजूद रहे। युवाओं से क्विज में भाग लेने की अपील की गई।

नर्मदा बाई कुशवाहा के निधन पर दी श्रद्धांजलि

सीहोर। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय सोहनलाल कुशवाहा की धर्मपत्नी एवं कुंदनलाल कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, बनवारीलाल कुशवाहा, वरिष्ठ फोटोग्राफर राजेश कुशवाहा, संजय कुशवाहा की माताजी श्रीमती नर्मदा बाई कुशवाहा का अस्वस्थ होने के कारण शतायु उम्र में मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे संस्कारों से सिंचित, भरापूरा परिवार छोड़ कर चली गई। अंतिम यात्रा उनके निज निवास इंग्लिशपूरा से निकाली गई। अंतिम यात्रा में क्षेत्रवासी, गणमान्य नागरिक , पत्रकार गण और सांस्कृतिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। छावनी विश्राम घाट पर परिजनों द्वारा मुखाग्नि दी गई।

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय किसान संघ मध्यभारत प्रांत, जिला सीहोर द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सीहोर को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में राजस्व, बिजली, फसल बीमा, सहकारिता, कृषि सहित किसानों से जुड़े विभिन्न विभागों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसान पदाधिकारियों ने किसानों को आ रही समस्याओं तथा उनके निराकरण की आवश्यकता को लेकर जिला कलेक्टर के साथ विस्तार से चर्चा की।इस दौरान जिला कलेक्टर सीहोर ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा सभी विषयों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई के लिए शासन को प्रेषित करने का आश्वासन दिया।ज्ञापन कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ जिला सीहोर के पदाधिकारी एवं जिले की विभिन्न तहसीलों से आए किसान पदाधिकारी उपस्थित रहे।भारतीय किसान संघ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ होना चाहिए तथा किसान हित से जुड़े विषयों पर शासन-प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

7 दिवसीय भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

सभी ग्रामवासियों के सहयोग से चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अंतिम दिवस कथा वाचक परम पूज्य 0धर्मेन्द्र गुरुजी अग्निहोत्री महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण साक्षात भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप है। इसे सुनने मात्र से समस्त पापों का नाश हो जाता है। राम-कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।₹महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में दो चीजें बहुत खास हैं - ईश्वर का डर और ईश्वर का दर। ईश्वर का डर रहेगा तो व्यक्ति गलत काम से बचेगा और ईश्वर का दर थामे रहेगा तो उस पर कृपा बनी रहेगी।उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि अपने बच्चों को समय निकालकर रामायण और गीता जरूर पढ़ाएं, ताकि उन्हें सनातन संस्कृति का ज्ञान हो सके।उन्होंने कहा कि आपस में चाहे कितने भी मतभेद हों, लेकिन धर्म कभी कम नहीं होना चाहिए। धर्म की रक्षा हमारा मूल कर्तव्य है। सभी को भाईचारे और एकता के सूत्र में बंधना ही धर्म का मूल मंत्र है।सरपंच प्रतिनिधि ने किया गुरुजी का सम्मानअंतिम दिवस पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी एवं ग्राम पंचायत की पूरी टीम ने पहुंचकर परम पूज्य गुरुजी का साल, साफा, हार-फूल माला पहनाकर स्वागत वंदन किया।समस्त ग्रामीणों ने नाचते-गाते हुए कथा का आनंद लिया। कथा के बाद ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री राम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। ग्रामवासियों ने पधारे सभी धर्म प्रेमी बंधुओं और गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर व्याख्यान आयोजित

हिंदी भाषा के ऐतिहासिक महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार 15 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिंदी के माध्यम से रोजगार के अवसरों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में राकेश कुमार सोलंकी सहायक प्राध्यापक द्वारा व्याख्यान दिया गया।

उन्होंने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति एवं विविधता को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के व्यापक प्रयोग तथा वर्तमान समय में इसके बढ़ते महत्व से अवगत कराया। व्याख्यान के दौरान भारतीय ज्ञान प्रणाली के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा की गई। सोलंकी ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में भाषा, साहित्य, दर्शन, विज्ञान, कला एवं संस्कृति का समृद्ध ज्ञान निहित है, जिसे आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से जोड़कर विद्यार्थियों के ज्ञान एवं कौशल को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।इसके साथ ही विद्यार्थियों को हिंदी भाषा से संबंधित रोजगार एवं करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि हिंदी के क्षेत्र में लेखन, पत्रकारिता, अनुवाद, कंटेंट राइटिंग, शिक्षण, प्रकाशन, जनसंचार, डिजिटल मीडिया तथा विभिन्न प्रतियोगी एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में रोजगार की व्यापक संभावनाएँ उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को हिंदी के साथ आधुनिक डिजिटल एवं संचार कौशल विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि एवं सम्मान की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भारतीय ज्ञान परंपरा और हिंदी से जुड़े आधुनिक करियर अवसरों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खाचरोद सहित अंचल में गणेश उत्सव की धूम, गांव-गांव सजे बप्पा के दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

पूरे ग्रामीण अंचल में 10 दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। खाचरोद के साथ ही खामखेड़ा, बरघाटी, भीलखेड़ी, रोलगांव, रामपुरा, अवलीखेड़ा, छापर, कन्नौज, मिर्ची, नानकपुर, लसूडिया विजय सिंह आदि गांवों में ग्राम के मुख्य चौराहों पर आकर्षक और रंग-बिरंगे पंडाल सजाकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सभी जगह सुबह-शाम भगवान गणेश की विधि-विधान से आरती, पूजा-अर्चना की जा रही है।

शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्राम खाचरोद में बस स्टैंड और बाजार स्थित कृष्ण मंदिर पर भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां सुबह-शाम बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकत्रित होकर आरती में शामिल हो रहे हैं और भक्ति में लीन हैं। पूरे क्षेत्र में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज रहे हैं।